RAJASTHAN PATRIKA, Ahmadabad, 5.11.2020
Page No. 2, Size:(3.35)cms X (8.93)cms.

एनएचएसआरसीएल की कवायद

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने को कौशल विकास का नि:शुल्क प्रशिक्षण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. मुम्बई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के प्रभावित युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके जरिए न सिर्फ युवाओं में कौशल क्षमता में सुधार होगा बल्कि यह कमाई का जरिया भी होगा। इसके लिए नेशनल हाईस्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) आय प्रत्यावर्तन कार्यर म के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यर म प्रारंभ किए हैं।

गुजरात के आणंद, वापी, सूरत समेत कई इलाकों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यर म किए गए हैं। वहीं महाराष्ट्र के ठाणे जिले के गांवों के 14 युवाओं की पहली बैच ने होटल प्रबंधन में प्रशिक्षण पूरा किया। अब वे मुंबई के अंधेरी के एक प्रतिष्ठित होटल में प्रशिक्षण के लिए छह माह तक अध्ययनरत रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान, प्रतिभागियों ने खाद्य उत्पादन, खाद्य और पेयसेवा, हाउसकीपिंग, संचार और फ्रंट ऑफिस में कौशल हासिल किया है।

एनएचएसआरसीएल के प्रबंध निदेशक अचल खरे ने कहा कि युवाओं को कौशल प्राप्त करने की दिशा में काम करना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। एनएचएसआरसीएल विभिन्न विषयों में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने और युवाशक्ति को अपने रोजगार के अवसरों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब तक विभिन्न कौशल जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग, कंप्यूटर एकाउंटिंग, वेल्डिंग और सविरचन, मोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल वर्क्स, ऑफिस स्वचलन आदि में 239 से अधिक प्रतिभागियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वर्तमान में, एनएचएसआरसीएल गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में विद्युत निर्माण कार्य, प्लम्बर, प्लास्टर जैसे निर्माण से संबंधित गतिविधियों के लिए आवश्यक नि:शुल्क प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान कर रहा है।